卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 226 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦23 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

## वन विभाग के संविदाकर्मी की निर्मम हत्या

### कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर उतारा मौत के घाट, करीबी साथी पर शक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हल्द्वानी के टांडा जंगल क्षेत्र में देर रात वन विभाग के एक संविदाकर्मी की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर निर्मम हत्या किए जाने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को मृतक के एक करीबी साथी पर हत्या का शक है, जिसकी तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र की टीपी नगर चौकी अंतर्गत टांडा जंगल में देर रात जंगल के भीतर एक व्यक्ति का खून से लथपथ शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर पहुंची



पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया तो मृतक की पहचान 50 वर्षीय मेवा लाल के रूप में हुई। मेवा लाल वन विभाग में संविदाकर्मी के तौर पर कार्यरत था। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले का निवासी बताया जा रहा है और लंबे समय से हल्द्वानी क्षेत्र में रहकर काम कर रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मेवा लाल की हत्या बेहद बेरहमी से धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर की गई। आशंका जताई जा रही है कि हत्या में कुल्हाड़ी जैसे धारदार हथियार का इस्तेमाल किया गया। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद जंगल क्षेत्र और आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक के एक करीबी साथी पर शक जताया जा रहा है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है और कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। हत्या के पीछे आपसी विवाद (शेष पृष्ठ 7 पर)

## जयकारों के बीच खुले हेमकुंड साहिब के कपाट

गोपेश्वर। चमोली जिले में समुद्रतल से 15 हजार 225 फीट की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट खुलने के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पहले दिन करीब तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। शनिवार सुबह पंज प्यारों की अगुवाई में श्रद्धालुओं का पहला जत्था बेस कैंप घांघरिया से रवाना होकर हेमकुंड साहिब पहुंचा। पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे में पहुंचकर अरदास की। कपाट खुलने के दौरान वातावरण "जो बोले सो निहाल" और गुरुबाणी के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब को करीब पांच क्विंटल फूलों (शेष पृष्ठ सात पर)



## चारधाम यात्रा के बीच पलटा मैक्स वाहन, नौ लोग घायल

रुद्रप्रयाग (उद संवाददाता)। चारधाम यात्रा के बीच शनिवार सुबह रुद्रप्रयाग श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग 07 पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। रुद्रप्रयाग से करीब चार किलोमीटर आगे श्रीनगर की ओर जा रहा एक मैक्स वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और हाईवे पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटना में वाहन चालक समेत कुल नौ लोग घायल हुए हैं, जिनमें चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मैक्स वाहन तेज मोड़ पर अचानक संतुलन खो बैठा और सड़क पर पलट गया। (शेष पृष्ठ सात पर)



## नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन का आगाज, सीएम ने दिखाई हरी झंडी

देहरादून (उद संवाददाता)। नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन कार्यक्रम का शनिवार को भव्य आगाज हो गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने काउंटडाउन रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा मशाल प्रज्ज्वलित कर प्रतीकात्मक दौड़ में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आगामी 31 मई 2026 को आयोजित होने वाली नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन के शुभारंभ कार्यक्रम के तहत "क्यालु हिम तेंदुआ" का भी अनावरण किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि सीमांत क्षेत्रों में नई ऊर्जा, नए अवसर और नए विश्वास को जागृत करने का अभियान है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में युवाओं का उत्साह, ऊर्जा और आत्मविश्वास यह दर्शाता है कि देवभूमि उत्तराखंड के युवाओं में साहस, संकल्प और देश के लिए कुछ बड़ा करने का जज्बा कूट कूट कर भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि आज यहां गूंज रहे युवाओं के कदम आने वाले समय में नीति घाटी की ऊंचाइयों पर नया इतिहास रचेंगे। यह दौड़ केवल शारीरिक क्षमता की परीक्षा नहीं, बल्कि इच्छाशक्ति, धैर्य और आत्मविश्वास को मजबूत करने का माध्यम भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति घाटी जैसे दुर्गम और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में दौड़ने के लिए बुलंद हौसला, हिमालय जैसा अडिग विश्वास और चुनौतियों को स्वीकार करने का साहस जरूरी है। उन्होंने प्रतिभागियों को देवभूमि उत्तराखंड के साहस, पर्यटन और सामर्थ्य का ब्रांड एंबेसडर बताते हुए कहा कि आज उत्तराखंड केवल प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ता नया उत्तराखंड बन चुका है। उन्होंने कहा कि (शेष पृष्ठ सात पर)



## भाजपा ओबीसी मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

### प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी पर आक्रोश

रूद्रपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ रायबरेली में दिए गए अमर्यादित बयान के विरोध में शनिवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त आक्रोश व्यक्त करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्या और जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी के नेतृत्व में कार्यकर्ता रुद्रपुर के रंपुरा काली मंदिर पर एकत्र हुए। यहाँ से



कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए रमपुरा रामलीला मैदान तक मार्च निकाला और राहुल गांधी का पुतला फूंक कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्या ने कहा कि राहुल(शेष पृष्ठ 7 पर)

## आवारा कुत्तों के आतंक को लेकर एसडीएम को घेरा

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक को लेकर स्थानीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपने कार्य कर्ताओं के साथ सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया और एसडीएम का घेराव करते हुए ज्ञापन सौंपकर तत्काल और प्रभावी कार्रवाई की मांग की। विधायक बेहड़ ने बताया कि विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राएं लगातार आवारा कुत्तों के हमलों का शिकार हो रही हैं, जिससे अभिभावकों और विद्यालय प्रशासन में भारी भय का माहौल है। पिछले कुछ समय में कई छात्राओं को कुत्तों ने काट कर घायल भी किया है। विधायक ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मांग की कि नगर क्षेत्र में घूम रहे आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। विधायक बेहड़ ने आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त करने का (शेष पृष्ठ सात पर)



## नियमों को ताक पर रख करोड़ों के टेंडर डालने के आरोप

### गदरपुर नगर पालिका में फिर उठा भ्रष्टाचार का जिन्न,वर्तमान ही नहीं, पूर्व बोर्ड भी रहा विवादों में

उधम सिंह नगर। गदरपुर नगर पालिका का नाम मानो विवादों और भ्रष्टाचार के आरोपों से चोली–दामन का साथ बन चुका है। चाहे पूर्व बोर्ड रहा हो या वर्तमान बोर्ड, नगर पालिका समय–समय पर वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सुर्खियों में रही है। पूर्व पालिका अध्यक्ष गुलाम गौस पर भी कार्यकाल के दौरान नियमों को ताक पर रख वित्तीय गड़बड़ियों के आरोप लगे थे, वहीं अब वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार मिंटू पर भी विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार और करोड़ों रुपये के खेल के आरोप लग रहे हैं। ताजा मामला करीब 8 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों से जुड़े टेंडरों का है, जिनको लेकर नगर पालिका प्रशासन सवालों के घेरे में आ गया है। आरोप है कि शासन और जिला प्रशासन के स्पष्ट दिशा–निर्देशों के बावजूद बिना पर्याप्त बजट और वित्तीय स्वीकृति के टेंडर प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गई। सूत्रों के अनुसार नगर पालिका में विकास कार्यों के लिए आमंत्रित निविदाओं में शासन द्वारा जारी जीएसटी संबंधी नियमों का भी पूरी गंभीरता से पालन नहीं किया गया। शासन द्वारा विकास आदि कार्यों के लिए आमंत्रित निविदाओं में जीएसटी विभाग से संबंधित नो ड्यूज सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से लगाए जाने का प्रावधान है, लेकिन नगर पालिका गदरपुर द्वारा अपनी निविदा संबंधित शर्तों में इस शर्त का उल्लेख ही नहीं किया गया। यही वजह है कि अब टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं। दरअसल उत्तराखंड शासन के वित्त अनुभाग द्वारा सभी सरकारी विभागों के लिए सख्त दिशा–निर्देश जारी किए गए थे, जिनमें स्पष्ट किया गया था कि किसी भी टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने वाले ठेकेदार और सप्लायर के लिए जीएसटी विभाग से नो ड्यूज सर्टिफिकेट जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही यह भी कहा गया था कि जिन सप्लायरों का जीएसटी रजिस्ट्रेशन सक्रिय नहीं है या जिन्होंने रिटर्न जमा नहीं किए हैं, उन्हें टेंडर प्रक्रिया से बाहर किया जाएगा। इसके बावजूद (शेष पृष्ठ सात पर)

### वित्तीयअनियमिताओं पर जिला प्रशासन से कार्रवाई की उम्मीद

रुद्रपुर। नगर पालिका गदरपुर की टेंडर प्रक्रिया को लेकर क्षेत्र में कई सवाल चर्चा का विषय बने हुए हैं। लोगों के बीच सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर बिना पर्याप्त बजट करोड़ों रुपये के टेंडर किस आधार पर जारी कर दिए गए। वहीं यह भी चर्चा है कि टेंडर प्रक्रिया में शामिल सभी ठेकेदारों के जीएसटी दस्तावेजों और वित्तीय अभिलेखों का सही तरीके से (शेष पृष्ठ सात पर)

# कड़कती धूप में पैदल निकले एसएसपी अजय गणपति

## यातायात ड्यूटी में तैनात जवानों का जाना हालचाल, छाते की व्यवस्था के दिए निर्देश, पुलिस कर्मियों को बांटी पानी की बोतल





रुद्रपुर। राष्ट्रहित में ईंधन बचत की मुहिम को गति देने के साथ-साथ पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर अजय गणपति लगातार अलग अंदाज में पुलिसिंग करते नजर आ रहे हैं। शनिवार को कड़कती धूप और भीषण गर्मी के बीच एसएसपी अजय गणपति अपने कैंप कार्यालय से पैदल ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर निकले। इस दौरान उन्होंने रास्ते में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों, विशेषकर यातायात व्यवस्था संभाल रहे ट्रैफिक पुलिस जवानों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। तेज धूप में घंटों सड़क पर ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों को देखकर एसएसपी ने उन्हें पानी की बोतलें वितरित कीं और ड्यूटी के दौरान स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। एसएसपी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए छाते और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भीषण गर्मी में ड्यूटी कर रहे जवानों को राहत मिल सके। एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि पुलिस कर्मी हर मौसम में अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं और आमजन की सुरक्षा के लिए लगातार सड़क पर तैनात रहते हैं। ऐसे में उनका ध्यान रखना भी विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि "पुलिस जवान हमारी ताकत हैं। भीषण गर्मी में लगातार ड्यूटी कर रहे जवानों की सुविधा और स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।" उन्होंने कहा कि पैदल गश्त केवल ईंधन बचत का माध्यम नहीं है, बल्कि इससे आमजन से सीधा संवाद स्थापित होता है और क्षेत्र की वास्तविक स्थिति की जानकारी भी मिलती है। वहीं पूर्व में भी पिछले शनिवार एसएसपी अजय गणपति के नेतृत्व में "ऑपरेशन प्रहार" के तहत रुद्रपुर मुख्य बाजार, रम्पुरा क्षेत्र और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भारी पुलिस बल के साथ व्यापक पैदल गश्त और फ्लैग मार्च किया गया था। इस दौरान पुलिस टीम ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख चौराहों पर पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया था। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ऊधम सिंह नगर पुलिस आमजन की सुरक्षा, शांति व्यवस्था और प्रभावी पुलिसिंग के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा ईंधन बचत और जनसंपर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पैदल गश्त अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# फॉरेस्ट गार्ड के एक हजार पदों पर होगी नई नियुक्तियां: धामी

## मुख्यमंत्री ने वनाग्नि रोकथाम के लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में वनाग्नि नियंत्रण, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं एवं मानसून तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन संपदाओं को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा वनाग्नि की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए रिस्पॉन्स टाइम न्यूनतम रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि वनाग्नि की सूचना मिलने के एक घंटे के भीतर संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचें। मुख्यमंत्री ने वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए शीतलखेत मॉडल को प्रदेशभर में लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने फायर लाइन के आसपास छोटी-छोटी तलैया बनाने, वनाग्नि रोकथाम के लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार करने तथा आग बुझाने वाले कार्मिकों को पर्याप्त उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री ने फॉरेस्ट गार्ड की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक हजार नई नियुक्तियां करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम समितियों एवं वन पंचायतों को वनाग्नि रोकथाम के लिए नियमानुसार आवश्यक बजट उपलब्ध कराने को कहा। मुख्यमंत्री ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को देखते हुए वन विभाग के प्रत्येक डिवीजन में पशु चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने मोबाइल अलर्ट प्रणाली के माध्यम से संबंधित क्षेत्रों में वनाग्नि की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने पर बल दिया। ग्रीष्मकाल को देखते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल टैंकरों की पूरी उपलब्धता बनी रहे तथा क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों को शीघ्र सुचारू किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को पेयजल के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने मैदानी क्षेत्रों के साथ-साथ तीर्थाटन एवं पर्यटन स्थलों पर भी पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति निर्बाध बनी रहे और ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए और अधिक प्रभावी प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपदों के प्रभारी सचिव अपने-अपने जिलों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी अस्पतालों का फायर सेफ्टी ऑडिट अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का पूरा डाटा सुरक्षित रखा जाए तथा मानसून काल में उन्हें अस्पतालों तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा पर जाने वाले जिन श्रद्धालुओं को स्क्रीनिंग टेस्ट में स्वास्थ्य की दृष्टि से फिट नहीं पाया जा रहा है, उन्हें यात्रा न करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं सकुशल यात्रा कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, प्रमुख वन संरक्षक रंजन मिश्रा, सचिव श्री सचिन कुर्वे, श्री सी. रविशंकर, श्री रणवीर सिंह चौहान, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव श्री बंशीधर तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




# मंदिर के पास अवैध शराब बिक्री होने पर भाजपा ओबीसी मोर्चा ने जताया आक्रोश

## कार्रवाई की मांग को लेकर सीओ को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्या और जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन सीओ दौलत राम वर्मा को सौंपकर रमपुरा क्षेत्र स्थित काली मंदिर के समीप अवैध कच्ची शराब के कारोबार पर रोक लगाने तथा भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री अजय मौर्या को मिली जान से मारने की धमकी के मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि रमपुरा क्षेत्र स्थित पवित्र काली मंदिर के आसपास लंबे समय से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध कच्ची शराब का कारोबार संचालित किया जा रहा है। मंदिर परिसर के आसपास शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे क्षेत्र में आए दिन अभद्रता, गाली गलौज और अराजक माहौल बना रहता है। इससे मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आने वाली महिलाओं और स्थानीय लोगों को भारी मानसिक परेशानी और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि इस गंभीर जनसमस्या के समाधान के लिए भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री अजय मौर्या पिछले करीब बीस से पच्चीस दिनों से स्थानीय नागरिकों के साथ शांतिपूर्ण आंदोलन और जनजागरूकता अभियान चला रहे हैं। इस संबंध में पूर्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग भी की थी। पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा कुछ औपचारिक कार्रवाई जरूर की गई, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर पुलिस की शिथिलता के कारण शराब कारोबारियों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि अब उन्होंने जिला महामंत्री अजय मौर्या को जान से मारने की धमकी तक दे डाली है। ज्ञापन में कहा गया कि इस गंभीर मामले की जानकारी पुलिस प्रशासन को दिए जाने के बावजूद अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे अपराधियों में कानून का भय समाप्त होता दिखाई दे रहा है। प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार की नीति अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की है, लेकिन कुछ अधिकारियों की लापरवाही के कारण सरकार की भयमुक्त प्रदेश की संकल्पना को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन को और तेज करेगा। जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने मांग की कि अजय मौर्या को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे अवैध कच्ची शराब के कारोबार के मुख्य सरगनाओं को चिन्हित कर कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की भी मांग उठाई। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र ही प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल देहरादून जाकर मुख्यमंत्री को पूरे मामले और स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराएगा तथा आगे की रणनीति तय करेगा। ज्ञापन देने वालों में मुकेश राठौर, अजय चन्द्रा, कल पाल, सत्य प्रकाश, राज चौळान, मुन्ना चौळान, मान सिंह श्रीवास्तव, अजय मौर्या, यशवंत सिंह, सत्यपाल गंगवार, संदीप, हरजीत राठी, सोनू राठौर, गुरदीप सिंह आदि शामिल थे।




# रोडवेज की बस से दिल्ली रवाना हुए सांसद अजय भट्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं नैनीताल ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने हल्द्वानी रोडवेज बस स्टेशन से दिल्ली के लिए बस द्वारा प्रस्थान करते हुए सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इस अवसर पर सांसद भट्ट ने कहा कि उनकी यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाओ पर्यावरण बचाओ संकल्प से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। सांसद भट्ट ने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने दैनिक जीवन में छोटे छोटे सकारात्मक बदलाव अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे। सार्वजनिक परिवहन साधनों जैसे बस, ट्रेन एवं साझा वाहनों का अधिक उपयोग न केवल ईंधन की बचत करता है, बल्कि प्रदूषण को कम कर पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। सांसद अजय भट्ट ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि निजी वाहनों के अनावश्यक उपयोग को कम कर सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दें तथा ऊर्जा संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाएं।



# गैस कनेक्शन की केवाईसी के नाम पर साइबर ठगी का नया खेल

## लोगों को भेजी जा रही एपीके फाइलें, कनेक्शन काटने की दे रहे धमकी



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। साईबर ठगों ने लोगों को अपना शिकार बनाने के लिए एक बार फिर दस्तक दे दी है। शहर में गैस कनेक्शन धारकों को निशाना बनाकर साइबर ठगों ने ठगी का नया तरीका अपनाया है। इंडियन ऑयल- अडानी गैस के नाम पर लोगों के मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेज भेजे जा रहे हैं, जिनमें गैस कनेक्शन बंद होने का डर दिखाकर केवाईसी अपडेट कराने के लिए एपीके फाइल भेजी जा रही है। साइबर विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी फाइलों पर क्लिक करते ही मोबाइल हैक होने और बैंक खातों से रकम उड़ने का खतरा बना रहता है। सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर वायरल हो रहे एक स्क्रीनशॉट में साफ देखा जा सकता है कि उपभोक्ता को "Gas Bill Update. apk" नाम की फाइल भेजी गई। साथ ही मैसेज में दावा किया गया कि यदि बिल अपडेट नहीं किया गया तो रात 10:30 बजे गैस कनेक्शन काट दिया जाएगा। इसके बाद एक मोबाइल नंबर जारी कर तत्काल संपर्क करने के लिए कहा गया। रुद्रपुर निवासी एक जागरूक उपभोक्ता ने सतर्कता दिखाते हुए एपीकेफाइल पर क्लिक नहीं किया। उपभोक्ता ने बताया कि कुछ देर बाद उसके पास केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर फोन भी आया। कॉल करने वाले ने उसे फाइल खोलकर केवाईसी पूरी करने को कहा, लेकिन उपभोक्ता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि किसी प्रकार की केवाईसी करनी है तो संबंधित कर्मचारी उसके घर आकर प्रक्रिया पूरी करे। जब कॉलर ने घर का पता पूछा तो उपभोक्ता ने जवाब दिया कि उसका पता पहले से गैस कनेक्शन के रिकॉर्ड में दर्ज है। इसके बाद भी कॉलर लगातार उसे ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने के लिए दबाव बनाता रहा, लेकिन उपभोक्ता ने किसी प्रकार की जानकारी साझा नहीं की। उपभोक्ता ने बताया कि इस तरह के मैसेज लगातार कई लोगों के पास पहुंच रहे हैं और एपीके फाइल डाउनलोड करना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। साइबर अपराधी इस तरीके से मोबाइल का एक्सेस लेकर बैंकिंग जानकारी ओटीपी और निजी डेटा चोरी कर सकते हैं। साइबर जानकारों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान नंबर से आई एपीके फाइल डाउनलोड न करें और न ही किसी लिंक पर क्लिक करें। किसी भी प्रकार की केवाईसी या बिल अपडेट संबंधी जानकारी के लिए केवल कंपनी के आधिकारिक कार्यालय या अधिकृत हेल्पलाइन से ही संपर्क करें।

# मिट्टी से भरे ट्रैक्टरों की धमाचौकड़ी से सुरेंद्र नगर में आक्रोश



शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। क्षेत्र में मिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की अनियंत्रित आवाजाही ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बन गई है। दिन और रात सड़कों पर दौड़ रहे इन भारी वाहनों से उड़ती धूल और तेज रफ्तार के कारण लोगों का सब्र जवाब दे गया। शुक्रवार सुबह सुरेंद्र नगर में ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने मिट्टी से भरे चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोककर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक सुरक्षा और प्रदूषण रोकने के इंतजाम नहीं होंगे, वाहनों को नहीं चलने दिया जाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र की सड़कों पर भारी वाहनों के गुजरने से हर समय धूल का गुबार छाया रहता है, जिससे घरों के भीतर तक मिट्टी की मोटी परत जम रही है। सड़क किनारे रहने वाले परिवारों के लिए सांस लेना भी दूभर हो गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि रात दो बजे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की संख्या और अधिक बढ़ जाती है, जिनकी तेज आवाज और धूल के कारण लोगों की नींद उड़ गई है। बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।अभिभावकों ने स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता जताई है। उनका कहना है कि सुबह स्कूल के समय ये वाहन तेज रफ्तार के साथ मुख्य मार्गों से गुजरते हैं, जिससे हर समय किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। राहगीरों और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि मिट्टी की ढुलाई वाले मार्गों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए ताकि धूल उड़ने से रोका जा सके। साथ ही भारी वाहनों की गति सीमा निर्धारित करने और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की भी गुहार लगाई गई है। काफी देर चले इस हंगामे के बाद ग्रामीणों ने दो टूक कहा कि क्षेत्रवासियों की सुविधा और स्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

नानकमत्ता। टीम नानकमत्ता हेल्प ग्रुप एवं श्री नानकमत्ता साहिब के रजत पदक विजेता सदस्यों द्वारा क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। मेहनत और लगन के बल पर विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में बच्चों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में ग्रुप अध्यक्ष गुरनाम सिंह वड़वाल, सुखा सिंह, मनदीप सिंह, लखबीर सिंह, कुलवंत सिंह, गुरप्रीत सिंह, राजविंदर सिंह, मनोज सिंह मनी उपस्थित रहे।



# बिना मान्यता संचालित सीएससी केंद्रों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की संस्तुति

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सम्भागीय परिवहन कार्यालय के मुख्य द्वार एवं आसपास संचालित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों के बाद परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) हल्द्वानी बिपिन कुमार सिंह ने जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल को पत्र भेजकर बिना मान्यता संचालित हो रहे सीएससी केंद्रों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की संस्तुति की है। पत्र में बताया गया है कि विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ सीएससी केंद्र परिवहन संबंधी कार्यों के लिए आने वाले आवेदकों से शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि वसूल रहे हैं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एआरटीओ प्रशासन द्वारा 21 मई 2026 को कार्यालय के निकट संचालित सीएससी केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे केवल शासन द्वारा निर्धारित शुल्क ही लें तथा शुल्क सूची एवं फ्लेक्स अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। जांच में यह भी सामने आया कि कई केंद्र बिना सक्षम प्राधिकारी की वैध मान्यता एवं अनुमोदन के संचालित हो रहे हैं, जो शासनादेशों के प्रतिकूल है।विभाग द्वारा जिन केंद्रों को बिना मान्यता संचालित पाया गया, उनमें महालक्ष्मी ऑनलाइन सर्विस सेंटर, रावत ऑनलाइन सर्विस, गोल्जू ऑनलाइन सर्विस, अजय ऑनलाइन सेवा केंद्र एवं भट्ट ऑनलाइन सर्विस शामिल हैं।एआरटीओ बिपिन कुमार सिंह ने पत्र में अनुरोध किया है कि बिना मान्यता संचालित एवं अधिक शुल्क वसूलने वाले सीएससी केंद्रों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।




# पुलिस कर्मी विपिन बिष्ट का निधन, महकमे में शोक





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधमसिंहनगर पुलिस लाइन रूद्रपुर में तैनात आरक्षी विपिन बिष्ट का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। ऊधमसिंहनगर पुलिस परिवार ने दिवंगत आरक्षी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया है। विपिन बिष्ट मूल रूप से जनपद बागेश्वर के कपकोट क्षेत्र के निवासी थे। वर्ष 2006 में वह उत्तराखंड पुलिस में आरक्षी पद पर भर्ती हुए थे और वर्तमान में पुलिस लाइन रूद्रपुर में अपनी सेवाएं दे रहे थे। बताया गया कि वह पिछले करीब सात महीनों से गंभीर रूप से बीमार चल रहे थे। उनका उपचार हल्द्वानी स्थित विवेकानंद हॉस्पिटल, बरेली के महाजन हॉस्पिटल समेत राजस्थान और दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में कराया गया था। उपचार के दौरान रूद्रपुर स्थित मेडिसिटी हॉस्पिटल में गुरुवार सायं उन्होंने अंतिम सांस ली। आरक्षी विपिन बिष्ट के आकस्मिक निधन पर ऊधमसिंहनगर पुलिस परिवार ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उनकी अंतिम यात्रा में एसएसपी अजय गणपति सहित तमाम पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि विपिन बिष्ट का निधन विभाग के लिए अत्यंत दुखद और पीड़ादायक क्षति है। पुलिस परिवार इस कठिन समय में शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है।

# जासवी ने रजत और देवांश ने कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया मान



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम के शिवालिक हॉल परिसर में आयोजित उत्तराखंड राज्य स्तरीय वोविनाम चौंपियनशिप में जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के छात्रों ने प्रतियोगिता में एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें पदक पहनाकर और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के वाइस चेयरमैन सतनाम सिंह चावला, प्रधानाचार्य हिमांशु जोशी, कॉर्डिनेटर अलका भारद्वाज और मनोज अरोरा ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों, कोच ऋषि पाल भारती व सह प्रशिक्षक गुलशन कुमार का जोरदार स्वागत किया। वाइस चेयरमैन सतनाम सिंह चावला ने कहा कि विद्यालय के छात्र आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। खेल न केवल शारीरिक विकास बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। उन्होंने छात्रों को भविष्य में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य हिमांशु जोशी ने कोच ऋषि पाल भारती के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है। कोच ऋषि पाल भारती ने बताया कि चौंपियनशिप में कक्षा 3 की छात्रा जासवी मुंजाल ने अंडर-14 बालिका आयु वर्ग (-24 किग्रा) की फाइटिंग इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया। वहीं, कक्षा 8 के छात्र देवांश अरोरा ने अंडर-14 बालक आयु वर्ग (-36 किग्रा) की फाइटिंग इवेंट में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। उन्होंने बताया कि दोनों खिलाड़ी अगस्त माह में जम्मू में होने वाली राष्ट्रीय वोविनाम चौंपियनशिप के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल रश्मि शर्मा, अमन सिंह, योगेश कुमार, विपुल हालदार, पवित्रा थापा सहित समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

# रूद्रपुर मण्डल के विद्युत परिसरों में दो चरणों में लगाए जाएंगे स्मार्ट मीटर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नोडल इंजीनियर इनचार्ज स्मार्ट मीटरिंग रूद्रपुर मण्डल विद्युत परीक्षण खण्ड, अधिशासी अभियंता ने बताया कि संचार नेटवर्क वाले क्षेत्रों में सभी उपभोक्ताओं के केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट समय सीमा, सुसंगत भारतीय मानक के अनुरूप स्मार्ट मीटर के साथ बिजली की आपूर्ति की जानी है। उन्होंने बताया कि रूद्रपुर मण्डल के अन्तर्गत विद्युत उपभोक्ताओं के परिसरों में स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य दो चरणों में निर्धारित तिथियों से प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने बताया कि फेज 1 में 25 मई को खेड़ा, 28 मई को पहाड़गंज, 30 मई को भूत बंगला, 03 जून को सेठिया मेन मार्केट व 05 जून को प्रीत विहार में स्मार्ट मीटर स्थापना का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। इसी तरह फेज 2 में 08 जून को तउचनतं, 11 जून को आवास विकास, 15 जून को ट्रॉजिट कैम्प, 18 जून को जय नगर व 22 जून को छत्तरपुर गॉव में स्मार्ट मीटर स्थापना का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य जन हित एवं विद्युत व्यवस्था के आधुनिकीकरण हेतु किया जा रहा है। उन्होंने कार्य के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन व जनता से सहयोग की अपील की है।

# मुख्यमंत्री ने 483 अभ्यर्थियों को प्रदान किये नियुक्ति पत्र

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में सिंचाई विभाग एवं कृषि विभाग के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर चयनित कुल 483 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। जिसमें 473 पद सिंचाई एवं 10 पद कृषि विभाग के शामिल हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री और मेजर जनरल (से. नि) भुवन चंद्र खंडूड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि खंडूड़ी जी ने ऐसे उत्तराखंड का सपना देखा था, जहाँ युवाओं की पहचान उनकी मेहनत और प्रतिभा से हो। उन्होंने कहा आज युवाओं को मिलने जा रहे नियुक्तिपत्र इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार उनके सवप्नों को पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा यह नियुक्ति पत्र वितरण प्रतिभाशाली युवाओं की मेहनत, लगन और संकल्प का सम्मान है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि निश्चित ही युवा पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सेवा-भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए राज्य एवं राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा युवकों की सफलता के पीछे माता-पिता का त्याग, परिवार का संघर्ष और वर्षों की मेहनत छिपी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा जब भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी होती है, तभी व्यवस्था में योग्य और ईमानदार लोग आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया। नकल विरोधी कानून के परिणाम सामने आ रहें हैं। आज नौकरी में चयन, मेहनत और प्रतिभा से हो रहा है। यह नई कार्यसंस्कृति उत्तराखंड की सबसे बड़ी ताकत बन रही है। जिसका परिणाम है कि साढ़े चार वर्षों में सरकार में करीब 33 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी का लक्ष्य देवभूमि उत्तराखंड की सेवा करना होना चाहिए। कोई भी विभाग, भवनों और फाइलों से नहीं अपितु कर्मठ और ईमानदार लोगों से चलता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत-2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार भी सिंचाई एवं कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। प्रदेश की जीएसडीपी विकास दर 7.23 प्रतिशत दर्ज की गई है। पिछले चार वर्षों में प्रति व्यक्ति आय में लगभग 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राज्य का बजट आकार एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। बेरोजगारी दर में रिकॉर्ड गिरावट आई है। रिवर्स पलायन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है आज पहाड़ का युवा पलायन नहीं, संभावनाएँ देख रहा है। सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने सभी चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पल उत्तराखण्ड के विकास की यात्रा में युवाओं की सक्रिय सहभागिता का शुभारंभ है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शी, निष्पक्ष एवं योग्यता आधारित भर्ती प्रक्रिया को निरंतर मजबूती मिली है। आज उत्तराखंड का युवा यह महसूस करने लगा है कि उसकी मेहनत, प्रतिभा और समर्पण का उसे लाभ अवश्य मिलेगा। सिंचाई मंत्री ने कहा कि सिंचाई विभाग केवल नहरों और परियोजनाओं का विभाग नहीं, बल्कि किसानों की समृद्धि, जल संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार भी है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि नव नियुक्त कर्मचारी राज्य की प्रगति और जनता की अपेक्षाओं के सहभागी भी बनेंगे। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सभी युवा अपने जीवन में नया अध्याय शुरू करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर सख्त नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद अब पात्र और मेहनती बच्चों को ही नियुक्तियां मिल रही हैं। उन्होंने कहा आज लाखों नौजवान स्टार्टअप, नवाचार के माध्यम से भी नया अध्याय शुरू कर रहें हैं। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सविता कपूर, उमेश शर्मा काऊ, महंत दलीप सिंह रावत, प्रमुख सचिव मीनाक्षी सुंदरम, सचिव श्री सुरेंद्र नारायण पांडे, श्री युगल किशोर पंत मौजूद रहे।




# पट्टे की शर्तों के उल्लंघन पर प्रशासन सख्त



गदरपुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम खटोला नंबर-02 में पट्टे की भूमि पर शर्तों के उल्लंघन का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिला अधिकारी रिचा सिंह एवं राजस्व विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर मामले की जांच की, जिसमें पट्टे की शर्तों का उल्लंघन पाया गया। जानकारी के अनुसार बसंत पुत्र परमी सिंह निवासी ग्राम खटोला नंबर-02, तहसील गदरपुर द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच की गई। जांच में पाया गया कि ग्राम खटोला स्थित खाता संख्या-329, खसरा नंबर 4क, रकबा 0.297 हेक्टेयर भूमि वर्ग 1 ख, गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट के अंतर्गत नैसुनवा पुत्र चंदन तथा विशनो देवी पत्नी फूल सिंह निवासी खटोला नंबर-02 के नाम सहखातेदारी में दर्ज है। तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट एवं राजस्व विभाग की जांच में सामने आया कि उक्त भूमि के मध्य तीन परिवारों के आवासीय मकान बने हुए हैं, जो पट्टे की शर्तों के विपरीत पाए गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने पट्टा निरस्तीकरण की कार्रवाई पृथक से शुरू करने की बात कही है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है तथा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# प्रशासन ने आबादी भूमि से हटवाया अवैध कब्जा



गदरपुर। ग्राम मदनापुर में आबादी भूमि पर किए गए कब्जे को लेकर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए संबंधित भूमि को आंगनवाड़ी केंद्र हेतु बाल विकास विभाग के संरक्षण में देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान द्वारा शिकायत की गई थी कि ग्राम मदनापुर स्थित खसरा नंबर 758, जो 6-2 आबादी के नाम दर्ज है, पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। शिकायत के बाद तहसीलदार गदरपुर ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया तथा अवैध निर्माण कार्य को रुकवाया। जांच के उपरांत उक्त भूमि को आंगनवाड़ी केंद्र के नाम हस्तांतरित किया गया। तहसीलदार द्वारा बाल विकास विभाग को मौके पर बुलाकर भूमि को संरक्षण में लेने के निर्देश भी दिए गए। प्रशासन की इस कार्रवाई से ग्रामीणों में संतोष देखा गया। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि अब उक्त भूमि का उपयोग गांव में बच्चों और महिलाओं के हित में आंगनवाड़ी केंद्र संचालन के लिए किया जाएगा।

# अली खां चौक पर 135 फिट की ऊंचाई पर लहराएगा तिरंगा

काशीपुर। वार्ड नंबर 25, अल्ली खां चौक पर 135 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को लगाए जाने का महापौर ने शिलान्यास किया। तिरंगे को लगाए जाने में 26 लाख 21 हजार रुपए खर्च होंगे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने कहा कि जब-जब राष्ट्रीय पर्व पर अल्ली खां चौक पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाया करेगा लोग सीएम धामी को याद करेंगे। कार्यक्रम में नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल शाह व शालिनी नेगी विकास शर्मा मुक्ता सिंह मानवेंद्र मानस अभिषेक गोयल मुनेश बिंदल कपिल अग्रवाल सुशील अग्रवाल अशोक पैगिया अशरफ सिद्दीकी एडवोकेट चेतन अरोरा जतिन नरूला अवनीश चौहान मनोज कौशिक नसरीन खान अभिषेक सर्वेश शर्मा आदि मौजूद थे।

# विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना का किया स्थलीय निरीक्षण

## अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण 1872 गरीबों के सपनों का आशियाना बनकर तैयार, जल्द सौंपी जाएगी चाबियां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत हर गरीब और अति निर्धन परिवार को पक्का मकान देने के संकल्प को पूरा किया जा रहा है। इसी क्रम में विधायक शिव अरोरा ने बागवाला स्थित निर्माणाधीन 1872 प्रधानमंत्री आवासों का जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जयकिशन और उनकी टीम के साथ स्थलीय भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने बताया कि वर्ष 2023 में उनके प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रपुर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना को बागवाला क्षेत्र में बनाने हेतु जिला विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया था। इसके बाद विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बागवाला क्षेत्र में भूमि चिन्हित कर उसे सबसे उपयुक्त माना गया। भूमि हस्तांतरण से लेकर सभी विधिक प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद आज रिकॉर्ड ढाई साल के भीतर इस बहुत बड़े प्रोजेक्ट को पूर्ण कर लिया गया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि गरीबों के सपनों का आशियाना अब पूरी तरह बनकर तैयार है। उन्होंने स्वयं 1872 आवासीय ब्लॉकों का निरीक्षण किया, जहाँ पार्क, पार्किंग, फायर सेफ्टी पाइप लाइन, अंडरग्राउंड वायर और वेस्ट वाटर को रिसायकल करने के लिए एसटीपी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। इस योजना में अति निर्धन परिवारों की हर सुविधा का ध्यान रखा गया है, जिसमें एक आवास के भीतर एक बेडरूम, किचन, बालकनी, हॉल, शौचालय और बाथरूम अलग अलग बनाए गए हैं। पूरे निर्माण में कंक्रीट और सरिये का उपयोग किया गया है, जिसमें एक भी ईंट का इस्तेमाल नहीं हुआ है। कंक्रीट से तैयार इन आवासों में सीलन



या नमी नहीं आएगी और यह भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के लिहाज से पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। विधायक ने आगे बताया कि जिला विकास प्राधिकरण द्वारा 1872 मकानों का चरणबद्ध रूप से लॉटरी द्वारा पूर्ण पारदर्शिता के साथ आवंटन कर दिया गया है। वर्तमान में कुछ एक दो ब्लॉकों में फिनिशिंग का कार्य अंतिम चरण में है, जो जल्द ही पूरा हो जाएगा। इसके बाद ट्रांजिट कैम्प और रम्पुरा जैसी बस्तियों में रहने वाले अति निर्धन परिवारों का अपने घर का सपना साकार होने जा रहा है। एक भव्य कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा इन परिवारों को आशियाने की चाबियां सौंपी जाएंगी। उन्होंने बताया कि 6 लाख रुपये की लागत से तैयार इस आवास के लिए एक गरीब को मात्र 5000 रुपये का शुल्क देना होगा, जिसमें 3 लाख रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा दी जाएगी और बाकी की धनराशि बैंक लोन के माध्यम से आसान किश्तों में मकान स्वामी को अदा करनी होगी। विधायक ने कहा कि जब 1872 परिवार एक साथ इस प्रधानमंत्री आवास में आकर रहेंगे, तो उनका यह सपना पूरा होना सरकार की विकासपरक सोच को दर्शाएगा। आज के समय में एक घर की कल्पना करना और उसे पूरा करना बेहद कठिन होता है, मगर मोदी सरकार ने हर गरीब को उसकी छत देने का काम किया है। कम समय में सुविधाओं से पूर्ण इस महत्वाकांक्षी योजना का पूरा होना रुद्रपुर के इतिहास में एक कीर्तिमान है। ऐसा ही कीर्तिमान इस प्रधानमंत्री आवास के पास से जा रही रिंग रोड को रिकॉर्ड समय में पूरा करके बनाया गया है, जो सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति को दिखाता है। इस स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जयकिशन, बागवाला झील के ग्राम प्रधान पति प्रमोद कुमार, भगवानपुर के प्रधान विनीत सोलंकी, मटकोटा धर्मपुर के प्रधान दीपक गोस्वामी, अजय वर्मा, अजीत सोलंकी, राजीव शुक्ला, कुलदीप चंद्र, राजेश तिवारी, सुनील सिंह, मयंक कक्कड़, डंम्पी चोपड़ा और नीरज यादव सहित अन्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# त्रिशूल चौक की भव्यता देखकर अभिभूत हुए स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि

## महापौर विकास शर्मा की सराहना,बोले रूद्रपुर बन रहा उत्तराखण्ड का गौरव

रूद्रपुर । पूज्य महामंडलेश्वर यतींद्रानंद गिरि जी महाराज ने शुक्रवार को रूद्रपुर पहुंचकर शहर के चर्चित त्रिशूल चौक का अवलोकन किया और वहां स्थापित भव्य त्रिशूल की भव्यता की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने त्रिशूल स्थापना को सनातन संस्कृति और धार्मिक आस्था से जुड़ा ऐतिहासिक कार्य बताते हुए महापौर विकास शर्मा की जमकर प्रशंसा की। महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि हरिद्वार से बरेली जाते समय कुछ समय के लिए रूद्रपुर के त्रिशूल चौक पर रुके। उनके आगमन पर महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान स्वामी जी ने चौक पर स्थापित विशाल त्रिशूल का अवलोकन कर उसकी कलात्मकता और आध्यात्मिक महत्व की सराहना की। स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि ने कहा कि जब से विकास शर्मा रूद्रपुर के महापौर बने हैं तब से शहर का स्वरूप लगातार बदल रहा है। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर का नाम स्वयं भगवान रूद्र यानी भगवान शिव से जुड़ा हुआ है और ऐसे में भगवान शिव के त्रिशूल की स्थापना इस नगर की धार्मिक पहचान को और अधिक सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा कि इस भव्य त्रिशूल ने केवल रूद्रपुर ही नहीं बल्कि पूरे कुमाऊं क्षेत्र के प्रवेश द्वार की शोभा बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कुमाऊं देवभूमि का महत्वपूर्ण क्षेत्र है और यहां आने वाले श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों का मुख्य मार्ग रूद्रपुर से होकर गुजरता है। ऐसे में त्रिशूल चौक आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गया है। स्वामी जी ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार को मानस खंड यात्रा का प्रवेश द्वार रूद्रपुर को घोषित करने पर भी विचार करना चाहिए, जिससे धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। महामंडलेश्वर ने कहा कि जिस प्रकार रूद्रपुर में अतिक्रमण हटाने, सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों को गति दी जा रही है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह शहर भविष्य में उत्तराखण्ड का गौरव बनकर उभरे, यही उनकी शुभकामना है। उन्होंने प्रदेश सरकार की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सनातन संस्कृति और धार्मिक विरासत के संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं तथा हर अच्छे कार्य में उनका सहयोग मिल रहा है। इस दौरान स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि ने कहा कि भारत सरकार को वैश्विक कूटनीति के माध्यम से कैलाश पर्वत को पुनः भारत में लाने के प्रयास करने चाहिए, क्योंकि कैलाश सनातन संस्कृति और आस्था का प्रमुख केंद्र है। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि पूज्य स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि का रूद्रपुर आगमन शहर के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के आशीर्वाद से उन्हें और अधिक ऊर्जा एवं प्रेरणा मिली है। महापौर ने कहा कि त्रिशूल चौक लगातार प्रसिद्धि प्राप्त कर रहा है और यह लोगों के आकर्षण का केंद्र बन चुका है। कुमाऊं की ओर जाने वाले पर्यटक यहां रुककर त्रिशूल चौक की भव्यता का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें शहर में इस प्रकार का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का कार्य कराने का अवसर मिला। आने वाले समय में भी शहर के सौंदर्यीकरण और धार्मिक पहचान को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, पार्षद चिराग कालरा, पार्षद गिरीश पाल, पार्षद पवन राणा, पार्षद शुभम दास पार्षद प्रतिनिधि मानवेंद्र राय, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय तोमर, आशीष यादव आकाश यादव, किशन सुखीजा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान, भाजयुमो नगर अध्यक्ष अशोक नेगी, शिवम गुप्ता, छात्र नेता चंदन भट्ट, छात्र संघ उपाध्यक्ष चेतन भट्ट, अशोक विश्वास, ओबीसी आयोग सदस्य कमलेश, नरेश उप्रेती, मोर सिंह यादव, हरेंद्र शर्मा, शिवांश अग्रवाल आदि थे।







# विधायक ने किया एसटीएच कैथ लैब का निरीक्षण



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधायक सुमित हृदयेश ने डॉ. सुशीला तिवारी चिकित्सालय में नवनिर्मित अत्याधुनिक कैथ लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल का भ्रमण कर विभिन्न स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। विधायक ने मरीजों से अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, उपचार व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि अस्पताल में स्थापित की गई अत्याधुनिक कैथ लैब कुमाऊँ क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि हृदय रोगों के उपचार हेतु अब क्षेत्रवासियों को बड़े महानगरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा, जिससे मरीजों का समय एवं आर्थिक संसाधनों दोनों की बचत होगी।उन्होंने इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।विधायक सुमित ने कहा कि जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय को उन्होंने लगातार सदन में प्रमुखता से उठाया, ताकि कुमाऊँ क्षेत्र की जनता को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएँ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि उनका सदैव प्रयास रहा है कि प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ अपने ही क्षेत्र में सुलभ हो सकें। हालांकि उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कैथ लैब के संचालन हेतु विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता नहीं है, जिसके कारण यह सुविधा पूर्ण रूप से शुरू नहीं हो सकी है। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं शासन स्तर पर वार्ता किए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि शीघ्र ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति सुनिश्चित कर कैथ लैब को पूर्ण रूप से संचालित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र की जनता को इसका समुचित लाभ मिल सके। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि वे जनसेवा एवं क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं तथा जनता की मूलभूत आवश्यकताओं और सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने हेतु लगातार प्रयासरत रहेंगे। इस दौरान पार्षद रवि जोशी, हेमंत शर्मा, मोहन बिष्ट, मोनू पांडे, दिवेश तिवारी, धर्मवीर, देवेन्द्र नेगी, वसीम डैनी, मोहम्मद गुफरान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भैंस चोरी का खुलासा,दो आरोपी गिरफ्तार



गदरपुर। कोतवाली गदरपुर पुलिस ने क्षेत्र में हुई भैंस चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 75 हजार रुपये नगद, चोरी में प्रयुक्त पिकअप वाहन, मोबाइल फोन तथा अन्य सामान बरामद किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बमनपुरी निवासी राजेन्द्र सिंह पुत्र कश्मीर सिंह ने 16 मई 2026 को कोतवाली गदरपुर में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उनके आंगन में बंधी तीन भैंस चोरी कर ले गए हैं। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक काशीपुर तथा क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में गदरपुर पुलिस और एसओजी काशीपुर की संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने मोबाइल सर्विलांस, सीडीआर विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज की सहायता से जांच आगे बढ़ाई। 21 मई की रात अब्दुल्ला नगर रामपुर बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने पिकअप वाहन संख्या यूपी 25 जीटी 5930 को रोककर पूछताछ की। वाहन में सवार दोनों व्यक्तियों ने अपने नाम साईन खान निवासी पटवाई, रामपुर तथा छुन्नन निवासी मुरादाबाद हाल निवासी रामपुर बताए। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ग्राम बमनपुरी से तीन भैंस चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपियों ने बताया कि चोरी की गई भैंसों को मुरादाबाद के जयंतीपुर बाजार में 95 हजार रुपये में बेच दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 75 हजार रुपये नगद, एक कुल्हाड़ी, दो छुरी, भैंसों में उपयोग होने वाली रस्सियां व घंटियां, मुहरे, घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन तथा पिकअप वाहन बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों में साईन खान पुत्र कल्लू खान निवासी पटवाई रामपुर तथा छुन्नन पुत्र मुन्नन निवासी खाई खेड़ा, मुरादाबाद शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को संबंधित धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई करने वाली टीम में चौकी प्रभारी सकैनिया उपनिरीक्षक विजय कुमार, एसओजी प्रभारी सुनील सुतेड़ी, कांस्टेबल लक्ष्मण कुमार, जीवन फुलेरा, कुन्दन सिंह, गिरीश सिंह एवं कैलाश तोमक्याल शामिल रहे।

# गौवंश को लावारिस छोड़ने वालों पर दर्ज होगा मुकदमा

## निराश्रित गौवंश के संरक्षण के लिए गो सेवा आयोग की बैठक में लिए गए कड़े निर्णय



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शुक्रवार को उत्तराखण्ड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र अणथ्वाल की अध्यक्षता में निराश्रित गौवंश के संरक्षण एवं पशु क्रूरता पर रोक के संबंध में विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में निराश्रित गौवंश की समस्या, गौशालाओं की स्थिति और पशु क्रूरता को रोकने पर विस्तार से चर्चा की गयी। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी आशुतोष जोशी ने बताया कि निराश्रित गौवंश के प्रबन्धन हेतु जनपद में प्रस्तावित नवीन गौशालाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि जनपद में उत्तराखण्ड पशु कल्याण बोर्ड से मान्यता प्राप्त 05 गौशालाओं का संचालन किया जा रहा है तथा 07 नवीन गौशालाओं के निर्माण हेतु कार्यवाही गतिमान है। उन्होंने बताया कि सरकार की ग्राम्य गौ सेवक योजना के तहत पांच निराश्रित नंदी गोवंश के संरक्षण पर प्रतिदिन 80 रुपये प्रति नंदी गोवंश हेतु सहायता दी जा रही है। इससे निराश्रित गौवंश की समस्या कम करने में मदद मिलेगी। वर्तमान में जनपद में मान्यता प्राप्त 25 ग्राम्य गोसेवकों द्वारा 05 05 निराश्रित नर नंदी गोवंश को शरण दी जा रही है। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि गौवंश के प्रति अपराध करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सरकारी एवं निजी गौशालाओं का अनिवार्य पंजीकरण एवं वित्तीय ऑडिट व्यवस्था लागू की जाए। जो लोग गोवंश को लावारिस छोड़ रहे हैं, उन पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर ऑपरेशन कामधेनु अभियान संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गोवंश की डिजिटल टैगिंग एवं अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित हो। साथ ही प्रत्येक 25 गांव की दूरी पर गौशाला एवं नंदीशाला स्थापना हेतु उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि गौशालाओं में कार्यरत कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य हो तथा गोवंश के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार या पशु क्रूरता जैसे अपराधों पर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत गणेश कुमार भट्ट, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी हरजीत सिंह, नगर निगम से राजू नबियाल, सांसद प्रतिनिधि विपिन जल्होत्रा, सदस्य पशु क्रूरता निवारण समिति प्रथम बिष्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा काशीपुर के नगर आयुक्त, जनपद के उपजिलाधिकारी, उप नगर आयुक्त काशीपुर, पशुचिकित्सा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी और नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में जुड़े रहे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# होर्मुज का विकल्प

ईरान पर अमेरिका और इजराइल के साझा हमले के बाद समूचे मध्यपूर्व के इलाके में जैसे जटिल हालात पैदा हुए हैं, उसका स्वाभाविक असर वैश्विक पैमाने पर ऊर्जा की आपूर्ति पर पड़ा। हालांकि जब दोनों पक्षों के बीच चौदह दिनों के युद्धविराम की घोषणा हुई थी, तब उम्मीद जगी थी कि अब शायद ईरान होर्मुज जलमार्ग को भी खोल दे और कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बहाल हो। मगर उसके बाद ईरान और अमेरिका के बीच हुई शांति वार्ता नाकाम रही और इसी के साथ होर्मुज जलमार्ग की बहाली की उम्मीद एक बार फिर मंद पड़ गई।आज हालत यह है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और आपूर्ति शृंखला बाधित होने का जिन देशों पर ज्यादा असर पड़ा है, वे अब ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर विचार कर रहे हैं। गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग बाधित होने के बाद तेल और गैस की व्यापक कमी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में कहा कि रसोई गैस के विकल्प के रूप में बायोगैस सहित अन्य वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को हर हाल में बढ़ावा दिया जाए।दरअसल, होर्मुज जलमार्ग से वैश्विक जरूरत के बीस से पच्चीस प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति होती है। भारत भी उन देशों में शामिल है, जिनकी खासी निर्भरता वहां से आने वाले ऊर्जा स्रोतों पर है। यही वजह है कि ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही पर रोक लगाई है और उसके बाद अमेरिका ने नाकाबंदी की, तब से देश घरेलू गैस और पेट्रोल-डीजल की व्यापक कमी का सामना कर रहा है। इस बीच सरकार ने रूस से तेल खरीद के रास्ते तैयार करने की कोशिश की, लेकिन अमेरिका के रुख की वजह से उसमें भी कई अड़चनें पेश आ रही हैं। ऐसे में फिलहाल सबसे बेहतर उपाय यही है कि दूसरे देशों पर निर्भरता को कम करने के लिए देश में ही वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का ढांचा तैयार किया जाए। इस लिहाज से देखें तो देश में बायोगैस सहित अन्य ऊर्जा स्रोतों की जमीन मजबूत होती है, तो यह न केवल तात्कालिक स्तर पर समस्या का सामना करने के लिहाज से महत्त्वपूर्ण होगा, बल्कि यह दूरगामी स्तर पर देश के व्यापक हित में होगा। पश्चिम एशिया में एक ओर अमेरिका के रुख तो दूसरी ओर ईरान के जवाबी रवैये की वजह से न केवल भारत, बल्कि दुनिया के बहुत सारे देशों के सामने संकट धीरे-धीरे गहरा रहा है। शायद इसीलिए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक ने दुनिया को यह चेतावनी दी है कि अगर होर्मुज जलमार्ग पूरी तरह और बिना किसी शर्त के जल्द नहीं खुला, तो दुनिया जल्दी ही 'रेड जोन' में प्रवेश कर सकती है, जहां तेल आपूर्ति सामान्य मांग को भी संभालने में पूरी तरह असमर्थ हो जाएगी। समस्या यह है कि एक ओर अमेरिका और इजराइल का सामना करने के क्रम में ईरान होर्मुज जलमार्ग को बाधित करने को एक कारगर रणनीति के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है और इसे खोलने के लिए अमेरिका के कदम पीछे हटाने की शर्त रख रहा है।पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा हुआ है। इस क्षेत्र में तनाव की वजह से जहाजरानी गतिविधियों में लगातार मुश्किलें आ रही हैं। एक अधिकारी ने बताया कि होर्मुज जलमार्ग में अभी भी 14 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं।

# डीएम पैदल पहुंचे कार्यालय,छोटे कारोबारियों से किया संवाद

चम्पावत (उद संवाददाता)। वैश्विक परिस्थितियों के चलते लगातार बढ़ती ईंधन लागत, संसाधनों पर बढ़ते आर्थिक दबाव तथा ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए जनपद चम्पावत में व्यापक जन-जागरूकता एवं संसाधन संरक्षण अभियान की शुरुआत





की गई है। शासन के निर्देशों के क्रम में प्रत्येक शनिवार को विशेष 'नो व्हीकल डे' अभियान संचालित किया जाएगा। जनपद में संचालित विशेष 'नो व्हीकल डे' अभियान के तहत शनिवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार पैदल जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रास्ते में आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। डीएम ने इस पहल को केवल पैदल सफर तक सीमित न रखते हुए जनसंवाद का माध्यम बनाया। पैदल यात्रा के दौरान जिलाधिकारी ने विकास भवन कार्यालय के सामने संचालित भोजनालयों, छोटी दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों के संचालकों से बातचीत की। उन्होंने व्यापारियों से उनके रोजगार, व्यवसाय संचालन और दैनिक चुनौतियों के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि छोटे व्यवसाय और स्वरोजगार से जुड़े लोग स्थानीय अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव हैं। उनके प्रयासों से न केवल अनेक परिवारों की आजीविका चलती है, बल्कि स्थानीय बाजार व्यवस्था भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि छोटे उद्यमियों और मेहनतकश लोगों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन और सहयोग दिया जाए, ताकि वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर आत्मनिर्भर बन सकें। इस दौरान जिलाधिकारी विकास भवन परिसर के सामने स्थित दीपक सिंह के भोजनालय में भी पहुंचे। उन्होंने भोजनालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए दीपक सिंह से उनके व्यवसाय, प्रतिदिन आने वाले ग्राहकों, मसालों और खाद्य सामग्री की व्यवस्था समेत रोजगार से जुड़ी विभिन्न जानकारियां लीं। जिलाधिकारी ने भोजनालय संचालक की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार अपनाने वाले लोग समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। इस दौरान दीपक सिंह ने जिलाधिकारी को स्थानीय स्वाद से भरपूर चने भी खिलाए। डीएम ने चनों के स्वाद और गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्थानीय खानपान और पारंपरिक स्वाद जनपद की पहचान हैं, जिन्हें बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने भोजनालय और व्यवसाय के विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, उपजिलाधिकारी विपिन पंत, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी दीप्तिकीर्ति तिवारी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल, सहायक निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र अधिकारी समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# नए जल कनेक्शन, वाहन धुलाई और टुल्लू पम्प के प्रयोग पर लगी रोक

हल्द्वानी/नैनीताल (उद संवाददाता)। जनपद में लगातार बढ़ रहे तापमान और आगामी दिनों में भीषण गर्मी एवं लू की आशंका को देखते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने पेयजल संरक्षण को लेकर सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जनहित में जारी यह आदेश 25 मई 2026 से 20 जून 2026 अथवा मानसून प्रारंभ होने तक प्रभावी रहेगा। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार जनपद में सभी नए पेयजल संयोजनों की स्वीकृति और निर्गमन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही भवन निर्माण कार्यों के लिए पूर्व में स्वीकृत सभी अस्थायी और निर्माणाधीन जल संयोजन भी निरस्त कर दिए गए हैं। आदेश के तहत वाहन सर्विस सेंटरों और धुलाई केंद्रों पर पानी से वाहनों की धुलाई पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। केवल ड्राई वॉश प्रणाली की अनुमति होगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करते हुए जल संयोजन विच्छेदित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने किसी भी सर्विस कनेक्शन में सीधे टुल्लू पम्प या सक्शन पम्प के प्रयोग पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। निरीक्षण के दौरान ऐसे पम्प पाए जाने पर उन्हें जब्त करने के साथ संबंधित जल संयोजन भी काटा जाएगा। आदेश में पेयजल के दुरुपयोग पर भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पेयजल का उपयोग सिंचाई, वाहन धुलाई, फर्श साफ करने या अन्य गैर आवश्यक कार्यों में करने पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही मकानों की छतों पर लगी पानी की टंकियों से ओवरफ्लो या रिसाव पाए जाने पर भी दंडात्मक कार्रवाई करते हुए जल संयोजन काटा जाएगा। जिलाधिकारी ने मुख्य और वितरण पाइप लाइनों में लीकेज की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यदि कहीं पाइपलाइन लीकेज पाया जाता है तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि व्यापक जनहित में किए जा रहे राजकीय निर्माण कार्यों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है, लेकिन कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण स्थलों पर जल के अनावश्यक दुरुपयोग को रोकना होगा। यदि कहीं जल अपव्यय पाया जाता है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित संस्था की होगी। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सभी नागरिकों, संस्थानों और विभागों से आदेशों का कड़ाई से पालन करने की अपील करते हुए कहा कि जल संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और वर्तमान परिस्थितियों में पानी की बचत अत्यंत आवश्यक है।

# बीस सूत्रीय कार्यक्रम में चम्पावत ने फिर लहराया परचम

## लगातार नौवें महीने प्रदेश में बना नंबर वन

चम्पावत (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार के कुशल नेतृत्व में जनपद चम्पावत ने भारत सरकार के बीस सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन में एक बार फिर प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। जनपद ने जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक लगातार नौ माह तक शीर्ष स्थान पर बने रहकर उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यसंस्कृति और योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग का उदाहरण पेश किया है। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी दीप्तकीर्ति तिवारी ने बताया कि जनपद ने कुल 40 रैंकिंग मदों में से 38 में 'ए' श्रेणी और 2 में 'बी' श्रेणी प्राप्त की है। इस अवधि के दौरान जनपद को किसी भी मद में 'सी' या 'डी' श्रेणी नहीं मिली, जो विकास योजनाओं की गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध क्रियान्वयन को प्रदर्शित करता है। जनपद ने कुल 123 अंकों में से 121 अंक अर्जित कर 98.37 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की है। इस रैंकिंग में बागेश्वर 98.29 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और उधमसिंह नगर 96.75 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने इस उपलब्धि के लिए सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जनपद का मुख्य उद्देश्य केवल रैंकिंग में प्रथम आना नहीं, बल्कि शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी महीनों में भी इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन को बनाए रखा जाए और विकास कार्यों में और अधिक गति लाते हुए जनकेंद्रित कार्यसंस्कृति को निरंतर सशक्त बनाया जाए।

# आईपीएल में ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले दो सटोरिये गिरफ्तार

रूद्रपुर/किच्छा (उद संवाददाता)। आईपीएल मैचों में मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खिलाकर अवैध कमाई करने वाले दो सटोरियों को ऊधमसिंहनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना पुलभट्टा पुलिस और एसओजी रूद्रपुर की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से दो आईफोन और 40 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर जनपदभर में ऑनलाइन सट्टे और अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर रूद्रपुर और क्षेत्राधिकारी सितारगंज के निर्देशन में थाना पुलभट्टा पुलिस लगातार सट्टेबाजों के खिलाफ कार्रवाई कर रही थी। पुलिस के अनुसार 23 मई 2026 को थाना पुलभट्टा पुलिस और एसओजी रूद्रपुर की संयुक्त टीम ने आईपीएल मैचों में मोबाइल



फोन के जरिए ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मोबाइल एप और फोन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हिमांशु रस्तोगी पुत्र स्वर्गीय मनोज रस्तोगी निवासी वार्ड नंबर तीन इस्लामनगर पहाड़ी कॉलोनी सितारगंज और सौरभ कुमार पुत्र धर्मेंद्र कुमार निवासी कुँवरपुर सिसैया थाना सितारगंज के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों की उम्र क्रमशः 24 और 25 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो आईफोन और 40 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामदगी के आधार पर थाना पुलभट्टा में एफआईआर संख्या 85/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में उप निरीक्षक दिनेश चन्द्र भट्ट, कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह, एसओजी रूद्रपुर टीम से कांस्टेबल दिनेश चन्द्र, ललित कुमार, राजेन्द्र कुमार और दलीप फर्त्याल शामिल रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कहा कि जनपद में अपराध और ऑनलाइन सट्टेबाजी जैसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को गलत रास्ते पर ले जाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। "अपराध मुक्त देवभूमि" के संकल्प को साकार करने के लिए ऊधमसिंहनगर पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# सीएम धामी के बयान के बाद नैनीताल में ईद की नमाज को लेकर संशय

नैनीताल। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट कहा है कि सड़को पर सार्वजनिक स्थलों पर नमाज की अनुमति नहीं दी जाएगी, उन्होंने कहा है कि जो स्थान नमाज के लिए है वहीं नमाज अता की जाए। सीएम धामी के इस बयान से नैनीताल में होने वाली ईद की नमाज को लेकर संशय के बादल गहराने लगे हैं।उल्लेखनीय है कि नैनीताल और आसपास के मुस्लिम समुदाय ईद की नमाज को जामा मस्जिद के सामने खेल के मैदान जिसे फ्लैट्स कहते है वहां पढ़ने के लिए एकत्र होते हैं। मुस्लिम समाज के इस रवैये पर स्थानीय लोग भी आपत्ति करते रहे है। सीएम धामी के बाद जिला प्रशासन इसकी अनुमति देने से कतरा रहा है इसलिए ईद की नमाज को लेकर संशय बना हुआ है कि प्रशासन इसकी अनुमति देगा कि नहीं। इस



मामले में विहिप बजरंग दल ने भी कहा है कि जब सरकार ने ये निर्देश दे दिया है खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि नमाज केवल मस्जिदों में पड़ी जाती है इसलिए वहीं पड़ी जाएगी। ऐसे में फ्लैट्स मैदान में नमाज पढ़े जाने का कोई औचित्य नहीं है। एडीएम विवेक राय ने बताया कि इस विषय पर पुलिस प्रशासन बैठक कर निर्णय लेगा। नमाज मस्जिद परिसर में ही होनी चाहिए ऐसा माननीय मुख्यमंत्री ने कहा है और सरकार के फैसलों का, दिशा निर्देशों का पालन कराया जाएगा। बीते रोज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने सार्वजनिक उद्बोधन में कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति की वजह से फैसले नहीं लिए जाने चाहिए श्री धामी ने सड़कों पर नमाज पढ़ने दी जाए मामले में कांग्रेस नेताओं को कटघरे में खड़ा करते हुए स्पष्ट रूप से कह दिया कि सड़को पर नमाज नहीं पढ़ने दी जाएगी ,नमाज पढ़ने का स्थान जहां है यानि मस्जिद में है वहीं पढ़नी जाएगी। विहिप के संगठन मंत्री अजेय कुमार ने कहा है कि देवभूमि की मर्यादाओं को बनाए रखा जाना चाहिए वैसे भी पर्यटन सीजन चल रहा है। इस लिए जिला प्रशासन को नमाज की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

# विभिन्न सहकारिता समितियों में संचालकों के नामित सदस्य घोषित

देहरादून (उद संवाददाता)। सहकारिता विभाग के अंतर्गत प्रदेश की विभिन्न क्रय विक्रय सहकारी समितियों में संचालक पदों पर नामित सदस्यों की सूची जारी कर दी गई है। सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत की ओर से जारी आदेश में उत्तराखण्ड सहकारी समिति अधिनियम 2003 की धारा 34 के अंतर्गत विभिन्न जनपदों की समितियों में सदस्यों को नामित किए जाने की जानकारी दी गई है। जारी आदेश के अनुसार विकासनगर समिति में अनुज गुलेरिया, टनकपुर में देवेंद्र जोशी, रामनगर में पुरुषोत्तम सिंह, रूद्रपुर में तरुण दत्ता, किच्छा में कमलेश सेमवाल, सितारगंज में सम्मी अहमद, खटीमा में ठाकुर प्रसाद, उत्तरकाशी में विपिन राणा, मंगलौर में अंजली सैनी, प्रतापनगर में मनोज रमोला, जौनपुर मंगरा में सत्येश्वर लेखवार, कालाढूंगी में कुंदन सिंह, कोटद्वार में हरीश कनवाल, हल्द्वानी में मनोज पाण्डेय, कोटाबाग में हरीश घिल्डियाल, जसपुर में आशीष कुमार बिश्नोई, बाजपुर में वीरेंद्र सिंह बिष्ट, काशीपुर में अनुज मेहरोत्रा, गदरपुर में भूपेंद्र सिंह, पौड़ी में जयप्रकाश रौथाण तथा ज्वालापुर में रजनीश को संचालक पद हेतु नामित किया गया है। आदेश में सचिव सहकारिता एवं निबंधक सहकारिता को निर्देशित किया गया है कि नामित सदस्यों को संबंधित समितियों में संचालक पद पर नियुक्त किए जाने की आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# किच्छा क्रय विक्रय समिति पर भाजपा का कब्जा

## किरण राठौर अध्यक्ष और कमल ठठोला उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित, कांग्रेस को करारी शिकस्त

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष पद पर कुमारी किरण राठौर तथा उपाध्यक्ष पद पर कमल ठठोला निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। समिति चुनाव में भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशियों की एकतरफा जीत के बाद भाजपा खेमे में उत्साह का माहौल है। वहीं कांग्रेस को सहकारिता चुनाव में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। बताया जा रहा है कि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने शुरू से ही सहकारिता चुनाव की कमान अपने हाथों में संभाल रखी थी। उनकी रणनीति और संगठनात्मक पकड़ के चलते दक्षिणी किच्छा, नारायणपुर, शांतिपुरी, बरा एवं बगवाड़ा किसान सेवा सहकारी समितियों में भाजपा समर्थित सभी चेयरमैन, वाइस चेयरमैन तथा अधिकांश डेलीगेट और डायरेक्टर चुनाव जीतने में सफल रहे। किच्छा क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और डेलीगेटों का निर्विरोध निर्वाचन लगभग 19 मई को ही तय माना जा रहा था, जब 13 में से 11 निदेशक भाजपा समर्थित निर्विरोध चुन लिए गए थे। निदेशक पद के लिए कुमारी किरण राठौर, कमल ठठोला, राकेश ठाकुर, मनोज गंगवार, मनप्रीत कौर, भावना जोशी, प्रीति द्विवेदी, सोमवती, तौफीक अहमद, मनमोहन सक्सेना तथा नंदलाल गौतम निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। वहीं कमलेंद्र सेमवाल को शासन की ओर से 14वें निदेशक के रूप में नामित किया गया। शुक्रवार को संपन्न हुए चुनाव में भाजपा की मजबूत रणनीति के चलते कांग्रेस नामांकन तक दाखिल नहीं कर सकी। बताया गया कि कांग्रेस के पास 14 में से केवल दो निदेशक थे और वह प्रत्याशी,




प्रस्तावक तथा अनुमोदक की आवश्यक संख्या भी पूरी नहीं कर पाई। चुनाव परिणामों के अनुसार कुमारी किरण राठौर अध्यक्ष, कमल ठठोला उपाध्यक्ष तथा मनोज गंगवार, मनप्रीत कौर, भावना जोशी, प्रीति द्विवेदी, सोमवती, तौफीक अहमद, मनमोहन सक्सेना, राकेश ठाकुर और नंदलाल गौतम निदेशक निर्वाचित हुए। वहीं कमलेंद्र सेमवाल शासन के प्रतिनिधि निदेशक के रूप में मनोनीत किए गए। जिला सहकारी बैंक के लिए बिरजू प्रसाद, मूलचंद राठौर, आशीष शुक्ला और जसप्रीत कौर निर्विरोध डेलीगेट चुने गए। तराई विकास संघ के लिए शिवांगी गंगवार, लालता प्रसाद, राकेश ठाकुर और संदीप अरोड़ा को निर्विरोध डेलीगेट बनाया गया। यूसीएफ के लिए मनप्रीत कौर, केंद्रीय उपभोक्ता भंडार हल्द्वानी के लिए प्रतीक पंत एवं भावना जोशी तथा केंद्रीय उपभोक्ता भंडार रूद्रपुर के लिए नंदलाल, प्रीति द्विवेदी और पुरन गंगवार निर्विरोध डेलीगेट निर्वाचित किए गए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोरया, संदीप अरोड़ा, जितेंद्र गौतम, नितिन वाल्मीकि, चंदन जायसवाल, भूपाल सिंह रावत, प्रकाश पंत, धनुज यादव, किशन गोयल, लक्ष्मण दास खुगर, इंद्र मेहता, मुन्ना रावत, बबलू जोशी, टीकम सिंह कोरंगा, नंदलाल यादव, कुलदीप बग्गा, कविता मान, करुणा तिवारी, सुनीता गंगवार, सुखजीत सिंह सुक्खा, खेमकरण कश्यप, जमुना प्रसाद समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बियरशिबा स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बियरशिबा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बड़े उत्साह और उमंग के साथ समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या मीना सती, उप प्रधानाचार्य एच एस बब्बर, एडवाइजर के दत्त, एडमिनिस्ट्रेटर निशा सिंह तथा एचओडी अनीता बिष्ट द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस समर कैंप में विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शतरंज का प्रशिक्षण राष्ट्रीय प्रशिक्षक मास्टर ललित सिंह लामाकोटी द्वारा दिया जा रहा है। क्रिकेट प्रशिक्षण रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी कार्तिक जोशी के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है, जबकि फुटबॉल प्रशिक्षण उत्तराखंड से भारत अंडर 16 टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ी ऋषभ मेहरा द्वारा कराया जा रहा है। गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। कैंप की शुरुआत ऊर्जावान जुम्बा सत्र के साथ हुई, जिसमें फिटनेस और वार्म अप अभ्यास कराए गए। सभी



शिविर के दौरान विद्यार्थी बॉटल पेंटिंग, म्यूरल आर्ट, भारतीय शास्त्रीय नृत्य, पंजाबी नृत्य, स्केटिंग, स्टोरी टेलिंग, नाट्य कला तथा अन्य कई रोचक विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ गतिविधियों में भाग लिया, उनका आनंद उठाया तथा दिनभर नए नए कौशलों को सीखने का अवसर प्राप्त किया।

## होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया में युवक से अभद्रता, मारपीट का आरोप

रुद्रपुर। जिला कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय में पुरुष होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती प्रक्रिया के अंतिम दिन शुक्रवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक अभ्यर्थी और भर्ती कर्मचारियों के बीच फॉर्म की रिसीविंग की नंबरिंग में हुई गलती को लेकर विवाद हो गया। मामले में युवक ने कर्मचारियों पर अभद्रता और मारपीट के आरोप लगाते हुए एसएसपी उधम सिंह नगर को शिकायती पत्र सौंपा है। जानकारी के अनुसार खेड़ा कॉलोनी वार्ड नंबर-19 निवासी एक युवक भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए शुक्रवार सुबह से लाइन में लगा था। युवक का आरोप है कि भीषण गर्मी के बीच लंबी लाइन लगी हुई थी और व्यवस्थाएं भी पूरी तरह दुरुस्त नहीं थीं। दोपहर बाद जब उसकी बारी आई तो



उसके फॉर्म जमा होने की रिसीविंग में नंबरिंग गलत दर्ज कर दी गई। युवक ने कर्मचारियों से रिसीविंग में हुई गलती को सुधारने के लिए कहा। आरोप है कि इसी बात को लेकर वहां मौजूद कर्मचारियों और युवक के बीच बहस शुरू हो गई। युवक का कहना है कि बहस बढ़ने पर कर्मचारियों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और धक्का-मुक्की की। शिकायत में उसने मोबाइल फोन छीनने, वीडियो डिलीट कराने और धमकी देने जैसे आरोप भी लगाए हैं। पीड़ित युवक ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं भर्ती प्रक्रिया के अंतिम दिन कार्यालय परिसर में भारी भीड़ देखने को मिली। मामले को लेकर दिनभर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

## पेज एक का शेष...

**जयकारों के बीच...**से भव्य रूप से सजाया गया था। बर्फीली वादियों के बीच सजा गुरुद्वारा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा और सीईओ सेवा सिंह ने बताया कि परंपरा के अनुसार सचखंड से गुरुग्रंथ साहिब को दरबार में विराजमान करने के बाद अखंड पाठ, शबद कीर्तन, अरदास और हुक्मनामा लिया गया। उन्होंने बताया कि पहले दिन केवल एक ही अरदास की गई। हेमकुंड साहिब यात्रा के शुभारंभ के साथ ही श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। प्रशासन और गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

**नियमों को ताक पर रखकर...**गदरपुर नगर पालिका द्वारा में इन महत्वपूर्ण शर्तों को नजरअंदाज कर करोड़ों रुपये के टेंडर डलवाए जाने के बाद अब चर्चाओं का बाजार गर्म है। जब शासन ने स्पष्ट आदेश जारी कर दिए थे, तो आखिर किन परिस्थितियों में इतनी बड़ी निविदा प्रक्रिया पूरी कराई गई। नगर क्षेत्र में यह चर्चा भी जोरों पर है कि कुछ विकास कार्यों के ठेके पहले से तय लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से तैयार किए गए हैं। यही कारण है कि टेंडर प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही कार्यों के बंटवारे की चर्चाएं आम हो गई थीं। विपक्षी नेताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**वन विभाग के ...**या पुरानी रंजिश की आशंका भी जताई जा रही है। क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सैनी ने बताया कि बीती देर रात टांडा जंगल क्षेत्र में वन विभाग के संविदाकर्मी की धारदार हथियार से हत्या किए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**भाजपा ओबीसी मोर्चा ...**गांधी लगातार देश की लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार तार कर रहे हैं। देश के शीर्ष नेतृत्व को गद्दार कहना उनकी हताशा और संस्कारहीन राजनीति का परिचायक है। देश की जनता तीसरे कार्यकाल के लिए मोदी जी को चुन चुकी है, जिसे कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। ओबीसी समाज और पूरा देश इस अपमान का जवाब आने वाले समय में कांग्रेस को पूरी ताकत से देगा। ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने कहा कि देश के सर्वोच्च और लोकप्रिय नेताओं के लिए ऐसी ओछी भाषा का प्रयोग करना राहुल गांधी के मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह देश का गौरव हैं, उनका अपमान देश की जनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। राहुल गांधी को अपने इस अमर्यादित आचरण के लिए पूरे देश से तुरंत बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान और राहुल गांधी मुर्दाबाद के गगनभेदी नारे लगाए। मोर्चा के पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि कांग्रेस की इस ओछी राजनीति के खिलाफ वे जनता के बीच जाकर उनका पर्दाफाश करेंगे। इस दौरान पुतला फूंकने वालों में मण्डल अध्यक्ष कमल पाल, संजय कुमार, अजय मौर्या, मीना शर्मा, जसवंत, अवधेश कश्यप, रोशन सिंह, मान सिंह श्रीवास्तव, राजेश कुमार, सौरभ गुप्ता सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**चार धाम यात्रा के बीच...**हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और राहत बचाव एजेंसियां भी सक्रिय हो गईं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजकर 07 मिनट पर जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही प्रशासन द्वारा तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू कराया गया। डीईओसी की ओर से तुरंत 108 एंबुलेंस सेवा, स्थानीय पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य राहत टीमों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक और राहत टीमों ने बेहद कम समय में मौके पर पहुंचकर वाहन में फंसे घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग पहुंचाया। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सुचारु करा दिया गया। हादसे के दौरान स्थानीय लोगों ने भी मानवता का परिचय देते हुए राहत कार्य में अहम भूमिका निभाई। पुलिस और रेस्क्यू टीमों ने समन्वय के साथ तेजी से कार्रवाई करते हुए सभी घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना में घायल आठ यात्रियों को सामान्य चोटें आई हैं, जबकि वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है। सभी घायलों को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।चारधाम यात्रा सीजन के दौरान लगातार बढ़ते यातायात और पहाड़ी मार्गों पर हो रही सड़क दुर्घटनाओं ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने वाहन चालकों से सावधानी बरतने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और पहाड़ी मार्गों पर अतिरिक्त सतर्कता अपनाने की अपील की है।

**आवारा कुत्तों के आतंक...**मुद्दा उठाया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बरसात के मौसम में जलभराव और गंदगी से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए, समय रहते नदी-नालों की तली झाड़ सफाई और जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाना अनिवार्य है, ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी गौरव पांडे ने विधायक को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन सभी बिंदुओं पर गंभीरता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान हेतु संबंधित विभाग को तत्काल निर्देश जारी किए जाएंगे। साथ ही, मानसून आने से पूर्व नदी-नालों और नालियों की सफाई का कार्य भी युद्धस्तर पर पूरा कराया जाएगा। स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने विधायक के इस कदम का समर्थन करते हुए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद जताई है। इस अवसर पर नगर कमेटी अध्यक्ष बबलू चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन सिंधी, संतोष ठाकुर, सुनील ठाकुर, एन.यू. खान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश प्रताप सिंह, अधिकारी दीपक शुक्ला सहित तमाम कार्यकर्ता थे।

**नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा...**नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन नए उत्तराखंड की शक्ति और सामर्थ्य के प्रदर्शन का प्रतीक बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन को यह आयोजन साकार कर रहा है, जिसमें सीमावर्ती गांवों को देश के अंतिम नहीं बल्कि पहले गांव कहा गया है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि यह आयोजन सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन, रोजगार, होमस्टे, स्थानीय उत्पादों और युवा उद्यमिता को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि 31 मई को नीति घाटी की पावन और दुर्गम धरती पर आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम उत्तराखंड के खेल और एडवेंचर टूरिज्म के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय लिखेगा। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि देश के 27 राज्यों और दो अन्य देशों से 900 से अधिक प्रतिभागियों ने इस महाआयोजन के लिए पंजीकरण कराया है, जो युवाओं में इस आयोजन के प्रति बढ़ते आकर्षण का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में फिट इंडिया मूवमेंट, खेलो इंडिया और राष्ट्रीय खेलों जैसे अभियानों के जरिए खेल और फिटनेस को जन आंदोलन बनाया जा रहा है। राज्य सरकार भी उत्तराखंड को देश का अग्रणी एडवेंचर स्पोर्ट्स और स्पोर्ट्स टूरिज्म डेस्टिनेशन बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ दौड़ में प्रतिभाग करें तथा सुरक्षित रूप से इसे पूर्ण कर 31 मई को नीति घाटी में नया इतिहास रचें। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं और बधाई भी दी।

**वित्तीय अनियमित्ताओं....**सत्यापन हुआ भी है या नहीं। शासन द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाने के बावजूद यदि नियमों की अनदेखी हुई है तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है, यह भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। लगातार उठ रहे सवालों और आरोपों के बावजूद जिला प्रशासन की चुप्पी भी लोगों को हैरान कर रही है। लोगों को उम्मीद है कि नगर पालिका द्वारा की जा रही वित्तीय अनियमितता पर जिला प्रशासन जरूर आवश्यक कार्रवाई कर इस पर रोक लगाएगा।


### सूचना

मेरे आधार कार्ड सं. 635669115947 में त्रुटिवश मेरा नाम मीरा देवी (MEERA DEVI) व जन्म तिथि 01-01-1955 गलत अंकित हुई है। मेरा सही व वास्तविक नाम मोतिमा देवी (MOTIMA DEVI) व सही जन्मतिथि 10-11-1959 है, जो मेरे पति श्री सुजान सिंह के पेंशन दस्तावेजों में अंकित है।

-मोतिमा देवी पत्नी श्री सुजान सिंह निवासी ग्राम नगला, उप तहसील व थाना नानकमत्ता, (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड।

### सूचना सम्बंध विच्छेद

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राहुल घोष को उसकी गलत आदतों के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उक्त राहुल घोष से मेरा कोई लेना देना नहीं है वह अपने किसी भी अच्छे बुरे कृत्य और लेन देन आदि के लिये स्वयं जिम्मेवार होगा।

संजय घोष पुत्र श्री विजय घोष निवासी नियर मंडी,नानकमत्ता,उप तहसील नानकमत्ता, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

### सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि विवाह से पूर्व मेरा नाम "RUPALI KHURANA" पुत्री श्री GULSHAN KHURANA था तथा विवाह उपरान्त मैंने अपना नाम बदलकर "RUPALI" पत्नी श्री RAHUL BANGA रख लिया है अतः अब भविष्य में मुझे इसी नाम से लिखित एवं मौखिक रूप में जाना व पहचाना जायें।

(रूपाली पत्नी श्री राहुल बांगा)

निवासी-हाउस नं0-35, मॉडल कालोनी रूद्रपुर, ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)।




### बेदखली नोटिस

सूचित किया जाता है कि मेने अपने पुत्र अर्जुन सिंह को उसके गलत आचरण एवं मेरे कहने-सुनने में न होने के कारण अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा किसी भी प्रकार से कोई संबंध नहीं है।

मनजीत सिंह पुत्र बलवीर सिंह, निवासी- रामेश्वरपुर लालपुर,कोतवाली किच्छा, जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने तोड़ा भू-माफियाओं का तिलस्म

## सीएम धामी के 'अपराध मुक्त उत्तराखंड' संकल्प को धरातल पर उतारती कुमाऊँ पुलिस की बड़ी कार्रवाई





नैनीताल। कुमाऊँ में वर्षों से भोले-भाले लोगों की मेहनत की कमाई और जमीनों पर डाका डालने वाले संगठित भू-धोखाधड़ी सिंडिकेट पर आखिरकार पुलिस का शिकंजा कस गया। करोड़ों रुपये की ठगी, फर्जी दस्तावेजों और सुनियोजित साजिशों के सहारे लोगों को बर्बाद करने वाले इस नेटवर्क के खिलाफ अब ऐसी कार्रवाई शुरू हुई है जिसने पूरे प्रदेश में साफ संदेश दे दिया है कि उत्तराखंड में अपराध चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं हो सकता। करीब 25 करोड़ से अधिक की भूमि एवं वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े इस बड़े सिंडिकेट में अब तक कई मुकदमे दर्ज हो चुके हैं, जबकि अनेक पीड़ित लगातार सामने आ रहे हैं। लेकिन इस पूरे मामले में सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि जब जांच में अपेक्षित गति दिखाई नहीं दी, तब कुमाऊँ की तेजतर्रार आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने सख्त रुख अपनाते हुए पुरानी एसआईटी को भंग कर दिया। यही वह निर्णायक मोड़ था जिसने पूरे मामले की दिशा बदल दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार अपराध और माफिया तंत्र के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" की नीति की बात करते रहे हैं। कुमाऊँ में हुई यह कार्रवाई उसी सोच का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आई है। लंबे समय से आम जनता के बीच यह धारणा बन रही थी कि प्रभावशाली भू-माफियाओं तक कानून का हाथ शायद नहीं पहुंच पाता, लेकिन पुनर्गठित एसआईटी की कार्रवाई ने इस भ्रम को पूरी तरह तोड़ दिया। आईजी रिद्धिम अग्रवाल द्वारा जांच में शिथिलता पर तत्काल निर्णय लेते हुए नई एसआईटी का गठन करना यह दर्शाता है कि अब केवल औपचारिक जांच नहीं, बल्कि परिणाम देने वाली पुलिसिंग पर जोर दिया जा रहा है। यही कारण है कि पुनर्गठित एसआईटी ने बेहद कम समय में मुख्य अभियुक्त धनंजय गिरी तक पहुंच बनाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। इस पूरे प्रकरण की सबसे महत्वपूर्ण बात केवल गिरफ्तारी नहीं, बल्कि अवैध संपत्तियों को चिन्हित कर उन्हें जब्त करने की तैयारी है। पुलिस अब उस आर्थिक साम्राज्य पर प्रहार कर रही है जो कथित रूप से ठगी और अवैध कमाई से खड़ा किया गया था। धारा 111 बीएनएस के तहत संगठित अपराध की कठोर धाराएं लगाने के साथ-साथ धारा 107 बीएनएसएस के अंतर्गत संपत्ति जब्ती की प्रक्रिया शुरू होना इस कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाता है। सूत्रों के अनुसार, चिन्हित संपत्तियों के क्रय-विक्रय पर रोक लगाने के लिए भी प्रशासनिक स्तर पर तेजी से कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि कोई भी आरोपी अपनी संपत्ति बेचकर कानून से बच न सके। यदि यह प्रक्रिया सफल होती है तो भविष्य में पीड़ितों को राहत देने की दिशा में भी यह एक ऐतिहासिक कदम माना जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के सीधे पर्यवेक्षण और एसपी क्राइम जितेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में गठित नई एसआईटी ने जिस तेजी और गंभीरता से कार्रवाई की, उसने साफ कर दिया कि अब कुमाऊँ में अपराधियों के लिए सुरक्षित ठिकाने धीरे-धीरे खत्म होते जा रहे हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि यह कार्रवाई अभी शुरुआत भर है। सिंडिकेट से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है और आने वाले दिनों में कई बड़े खुलासे संभव हैं।

**जनता में बढ़ा भरोसा, माफियाओं में बढ़ी बेचैनी :** कुमाऊँ क्षेत्र में इस कार्रवाई के बाद आम लोगों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। जिन पीड़ितों ने वर्षों तक अपनी जमीन और धन वापस मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी, उन्हें अब न्याय की उम्मीद दिखाई देने लगी है। वहीं दूसरी ओर, भू-माफिया और संगठित अपराध से जुड़े लोगों में बेचौनी साफ देखी जा रही है।

# कमिश्नर ने किया नैनीताल के हिमालय संग्रहालय का निरीक्षण

## आयुक्त ने शोधार्थियों के साथ साझा किए महत्वपूर्ण टिप्स



नैनीताल (उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने शुक्रवार को डीएसबी कैम्पस नैनीताल स्थित हिमालय संग्रहालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संग्रहालय में संरक्षित ऐतिहासिक धरोहरों, प्राचीन उपकरणों, पारंपरिक आभूषणों और विभिन्न संगीत वाद्ययंत्रों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने संग्रहालय में विभिन्न विषयों पर शोध कर रहे छात्र छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने शोधार्थियों को अपने कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव और टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि शोध के क्षेत्र में निरंतर अध्ययन, नवीन सोच और गहन विश्लेषण करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह के शोध कार्य न केवल शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि समाज और संस्कृति को समझने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि हिमालय संग्रहालय में ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व की कई अनमोल वस्तुएं संरक्षित हैं, लेकिन वर्तमान में संग्रहालय का स्थान सीमित होने के कारण सभी सामग्रियों का समुचित प्रदर्शन नहीं हो पा रहा है। उन्होंने संग्रहालय के विस्तार की महत्ता पर बल देते हुए इसके लिए अतिरिक्त भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की ऐतिहासिक धरोहरों और उपकरणों के प्रदर्शन से नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास एवं संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है और उनके भीतर नए विचारों का विकास होता है। इस अवसर पर संग्रहालय प्रभारी प्रो. सावित्री कैड़ा जंतवाल, प्रो. संजय घिल्डियाल, प्रो. संजय टम्टा, डॉ. मनोज बाफिला, पी.एस. अधिकारी, डॉ. भुवन चन्द्र शर्मा, डॉ. विरेन्द्र पाल सहित अनेक छात्र छात्राएं और विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रकाश देवी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

गदरपुर। गदरपुर सहकारी क्रय विक्रय समिति लिमिटेड के चुनाव में 13 डायरेक्टरों में से प्रकाश देवी पत्नी भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश कंबोज को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष पद पर उनके निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा होते ही समर्थकों एवं भाजपा रेहलन, बबीता, हरनीत कौर, दलबीर सिंह, दीपिका शाह, किशन लाल, अलका रानी, साहनब गंभीर, जसवीर सिंह एवं रजनी बजाज शामिल रहे। इन 13 डायरेक्टरों में से प्रकाश देवी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश देवी ने सभी सदस्यों एवं समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह किसानों एवं समिति के हित में पूरी निष्ठा के साथ



कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर समर्थकों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी जाहिर की तथा नव निर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। समिति के निर्वाचित डायरेक्टरों में हेमंत कुमार, प्रकाश देवी, विजय कुमार, गौरव ने कहा कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। सरकार द्वारा किसानों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता, कृषि उपकरणों पर अनुदान तथा फसलों के उचित मूल्य उपलब्ध कराए जा रहे कार्य करेंगी तथा सहकारी समिति को और मजबूत बनाने का प्रयास करेंगी। इस अवसर पर सुखदेव सिंह नामधारी, सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, शादाब हुसैन कपिल गंडा, अमरीक सिंह, सुरेश खुराना सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# काले शीशे वाले वाहनों के खिलाफ चलाया अभियान



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के निर्देशन में जनपदभर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चलाया जा रहा विशेष अभियान लगातार जारी है। अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा नियम विरुद्ध काली फिल्म लगे वाहनों, बिना दस्तावेज वाहन संचालन, तेज गति एवं अन्य यातायात उल्लंघनों पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कारों में नियम विरुद्ध लगी काली फिल्म को मौके पर हटवाया गया तथा संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि वाहनों में काली फिल्म लगाना नियमों का उल्लंघन है तथा इससे सुरक्षा संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ऊधमसिंहनगर पुलिस द्वारा जनपद में काली फिल्म लगे वाहनों एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

